कार्यशाला रिपोर्ट
योग्यता आधारित शिक्षा

शनिवार - 6 फरवरी 2021

दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर 45

समय- 10-10:45 सुबह

माइक्रोसॉफ्ट टीम्स

योग्यता आधारित शिक्षा हिंदी विषय में किस तरह कार्यान्वित की जा सकती है इस विषय पर मीरा खुराना द्वारा एक कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में हिंदी विभाग की मेंटर निशी धंजल, विभागाध्यक्षा आशा शर्मा और मिडिल स्कूल के हिंदी विभाग के अध्यापकों (शशि मिश्रा, अनीता सिंह, वाणी शर्मा, लवली मान, प्रीति सहगल, मीना अरोड़ा, संगीता शर्मा, रंजु कुमारी, दर्शना धवन)

दीप्ति तुली (प्राइमरी) द्वारा भाग लिया गया।

कार्यशाला के मुख्य बिंदु

सर्वप्रथम योग्यता आधारित शिक्षा को परिभाषित किया गया।बदलते परिवेश में उसकी आवश्यकता पर बल दिया गया।उससे संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। परंपरागत शिक्षण पद्धति और योग्यता आधारित शिक्षण पद्धति में अंतर बताया गया। योग्यता आधारित शिक्षा में किस तरह विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से हम कक्षा को रोचक बना सकते हैं इस बात पर बल देते हुए कार्यशाला के दौरान गतिविधियां (कविता बनाएँ , वाद-विवाद मुहावरों का प्रयोग) करवाई गईं ।अपने विषय को दूसरे विषयों के साथ किस तरह जोड़ा जा सकता है और छात्रों के ज्ञान में वृद्धि की जा सकती है यह भी बताया गया। चर्चा के लिए ,लिए गए पाठ (टोपी) से ज्ञानार्जन अधिगम पर चर्चा करते हुए कार्यशाला को समाप्त किया गया।

https://dpsgurgaon.sharepoint.com/:v:/s/HINDITEAMMIDDLESCHOOL/Erst4oLEDatDj0jeSBVvs5wB8qxrg5vR6tH3SHzmHI7Z_w?e=GzTa1c